कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री रामगोपाल शर्मा पुत्र श्री नारायण लाल पता:– बिल्डिग नं0 33 फ्लेट नं0 एफ–2 बालाजी रेजिडेन्सी 1 सनराईज सिटी निवारू जयपुर–302012।

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा, जिला दौसा।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

अपील सं0 54/2020

निर्णय दिनांक :30.12.2020

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर जिला दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वॉछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई । लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर जिला दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना भूमि अवाप्ति अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी नांगल राजवतान से संबंधित होने के कारण लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा द्वारा पत्रांक 987 दिनांक 02.11.2020 के द्वारा प्रार्थना पत्र भूमि अवाप्ति अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी नांगल राजवतान को सूचना के अधिकार की धारा 6(3) के अन्तर्गत प्रेषित किया गया। भूमि अवाप्ति अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी नांगल राजवतान द्वारा उनके पत्रांक: 3043 दिनांक 27.11.2020 द्वारा सूचना आवेदक को दे दी गई थी। उक्त पत्रादि लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर जिला दौसा द्वारा पत्रांक 1143 दिनांक 22.12.2020 के संलग्न इस कार्यालय को भिजवाये गये है। जो संलग्न पत्रावली है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत करवा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट चलने योग्य नहीं है। अतः अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो।

(पीयुष समारिया)
जिला कलेक्टर, दौसा
जिला कलक्टर, दौसा

न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट
दौसा